दुर्घटना | राजस्थान में एक्सीडेंट, जबलपुर तक पसरा मातम, तीन जिगरी यारों समेत पांच की मौत से परिजनों की उजड़ी दुनिया

काश ! मां की बात सुन लेते, बच जाती पांच जिंदगियां

नवभारत, जबलपुर। कहते है मां को सब पता होता है, नि: स्वार्थ प्रेम करने वाली मां की ममता बच्चों पर आने वाली मुसीबत को भी भाप लेती है। राजस्थान में हुआ एक्सीडेंट जबलपुर में रहने वाली मां ने महसूस कर लिया था । दअरसल तीन जिगरी यार समेत पांच लोग जबलपुर से उज्जैन घूमने गए थे वहां से अचानक खाटू श्याम जाते समय उनकी कार राजस्थान के चाकसू में शनिवार सुबह पांच बजे कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। रायपुर में हुए एक्सीडेंट की खबर जैसे ही मृतकों के जबलपुर स्थित घरों तक पहुंची तो परिजनों की दुनिया ही उजड़ गई है। सन्नाटा पसर गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इस बात पर यकीन ही नहीं कर पा रहे कि जो बच्चे मुस्कुराते हुए घरों से निकले थे, वे अब कभी वापस नहीं आएंगे।

इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले शहर के मदर टेरेसा कटंगी रोड निवासी पीयूष राय के पिता राजेश राय ने नवभारत से चर्चा के दौरान बताया कि शिफ्ट कार से उनका बेटा चार अन्य के साथ उज्जैन गया था अचानक खाटू श्याम जाने का प्लान बना लिया। पीयूष की मां रश्मि राय ने बेटे को जाने से साफ मना कर दिया था लेकिन उनके साथ मौजूद रेशमा श्रीवास्तव ने बात करते हुए भरोसा दिलाया था कि कुछ नहीं होगा लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। शायद उन्हें मौत वहां ले गई थी। भीषण सड़क हादसे ने जिगरी दोस्तों के साथ उनके बेटे को उनसे हमेशा के लिए जुदा कर दिया है, काश...! पीयूष और उसके दोस्त मां की बात मान लेते तो शायद ये हादसा न होता।

पिता का था बर्थडे पहुंची मौत की खबर

नवभारत से चर्चा के दौरान राजेश राय ने नम आंखों से बताया कि वे अपने बेटे को कभी नहीं भूल सकते है उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट के पहले बेटे से बात हुई थी। 14 फरवरी को उनका जन्म दिन था सभी खुश थे। 13-14 की दरम्यिानी रात्रि परिजन जन्मदिन मनाने के लिए केक काटने की तैयारी कर रहे थे लेकिन बेटे के बिना जन्म दिन नहीं मनाना था जिस लिए सब को बोल दिया था जब पीयूष लौटकर आयेगा तो बर्थडे मनाउंगा, पीयूष ने भी स्टेटस लगाया था लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। सुबह सात बजे सूचना मिली कि बेटे का एक्सीडेंट हो गया है।

साथ जिए, आखरी सफर भी साथ तय किया

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मदर टेरेसा कटंगी रोड निवासी अनुराग, पीयूष राय, रोहित जिगरी यार थे । सभी दोस्त घूमने निकले थे। कार अनुराग चला था। दोस्तो के साथ रेशमा श्रीवास्तव निवासी नक्षत्र नगर एवं उनका भतीजा शानू सदन निवासी भी साथ में था। उनकी कार जयपुर की ओर से जैसे ही चाकसू में टिगरिया मोड़ के पास शनिवार सुबह पहुंची तभी वहां खड़े एक ट्रेलर से उनकी टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। पांचों की मौत हो गई।

देर रात जयपुर पहुंचेगे परिजन आज सुबह होगा पीएम

सूचना मिलने के बाद दोपहर बाद मृतकों के परिजन जबलपुर से जयपुर के लिए रवाना हो गए है। वही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाकसू मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि परिजन देर रात्रि तक पहुंचने की संभावना है । परिजनों की मौजूदगी में आज पीएम होगा जिसके बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

एक साल पहले हुई थी अनुराग की शादी

हादसे में जान गंवाने वाले अनुराग की शादी एक साल पहले ही हुई थी। मौत की खबर से परिजनों में चीख पुकार मची हुई है वे ड्राइवरी करता था और रेशमा श्रीवास्तव की कार चलाता था।

बेसुध परिजन, सपने टूटे, तीन क्षेत्रों में मातम

इस हादसे के बाद जबलपुर के नक्षत्र नगर, मदर टेरेसा, कटंगी रोड , खेरमाई मंदिर के पास, सदर में मातम पसरा हुआ है। इस हादसे ने सिर्फ जानें ही नहीं ली, बल्कि कई उम्मीदें और भविष्य के सपने भी कुचल दिए गए है दोस्तों के अपने अपने सपने थे उनके परिजनों ने भी सपने देखते थे।

रेशमा का था प्लान

धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान रेशमा श्रीवास्तव ने ही बनाया था। 12 फरवरी को सभी लोग कार से उज्जैन पहुंचे थे वहां श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए थे इसके बाद 13 फरवरी की रात वे खाटू श्यामजी के लिए रवाना हुए थे। रेशमा के पति अखिलेश श्रीवास्तव पिछले साल एलआईसी से रिटायर हुए है।

पुरानी यादगार बनी, नई सेल्फी रह गई अधूरी

हादसे से कुछ ही समय पहले तक सभी दोस्त खुश थे। मोबाइल में कैद उनकी आखिरी सेल्फी भी थी जो अब उनके परिवारों के लिए उम्र भर का दर्द बन ची है। कैमरे में कैद वो मुस्कुराहटें उनकी आखिरी यादें होगी। वहीं पीयूष ने हादसे से एक दिन पहले ही उज्जैन महाकाल मंदिर केक बाहर अपने साथी राहुल के साथ सेल्फी ली थी। जिसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया था। ये सेल्फी परिजनों को अब खौफनाक मंजर की गवाही भी देगी। दोस्तो ने सोचा था कि खाटूश्यामजी में भी तस्वीरें लेंगे जो अधूरी रह गई।

दफ्तरों के गलियारे

बैठ गई जांच तो कई चेहरे होंगे बेनकाब...

लाल बिल्डिंग के गलियारों में आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन की पोल खुलने के बाद नगर सत्ता बनाम विपक्ष का टकराव स्पष्ट रूप से अब सड़कों में नजर आ रहा है। ताजी तस्वीरों में जो हकीकत सामने आई उसने इस बात की पुष्टि हुई। पूरा मामला नगर निगम में पिछले 5 से अधिक सालों से आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़ा है जिनकी पोल निगमायुक्त के नए फरमान ई अटैंडेंस लागू होने के बाद खुली और सामने आया कि ऐसे बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी है जिनका न तो अभी तक कुछ पता चला है और न ही इनकी पुष्टि हुई है कि ये नगर निगम के सेवाएं देते रहे हैं लेकिन बकायदा मुख्यालय से इनका वेतन निकलता भी रहा है। अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि सरकारी खजाना किसकी जेब में गया। सूत्रों की माने तो पूरे मामले के अंतर्गत सरकारी खजाने में डाका डालने पर निगम के कई बड़े अफसरों का हाथ है। ऐसे में जांच करने में सभी कतरा रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं जांच में खुद उनका नाम आ गया तो सब रखा का रखा रह जाएगा। खबर है कि पूरे मामले में बड़े साहब खुद जांच का जिम्मा उठाने वाले हैं और सभी को बेनकाब करने वाले हैं।

नियमों को दरकिनार कर बंट रही पीएचडी..?

जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में पीएचडी को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। विवि में चर्चा का माहौल है कि शोध में नकल रोकने के नियमों का सही तरह से पालन नहीं हो रहा। कहा जा रहा है विवि यूजीसी के नियमों का भी सही तरीके से पालन नहीं कर रहा है। जानकारी के अनुसार यूजीसी ने साफ कहा है कि शोध के लिए दूसरों की सामग्री बिना अनुमति या श्रेय के इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। जबकि विवि में यही खेल चल रहा है और विद्यार्थियों को नकल के आधार पर पीएचडी की डिग्रियां बांटी जा रही हैं। विद्यार्थियों में चर्चा है कि जब यूजीसी ने नियम बनाए थे, तब उम्मीद थी कि विश्वविद्यालय द्वारा शोध की गुणवत्ता और ईमानदारी को सबसे ऊपर रख कर पीएचडी प्रदान की जाएंगी। अगर विवि में इन नियमों को नजर अंदाज कर सिर्फ डिग्रियां दी जा रही हैं तो इससे विश्वविद्यालय की छवि खराब हो रही है।

दिल्ली हेड क्वार्टर भी जाना जरूरी है !

प्यार का महीना कहे जाने वाले फरवरी में रेल गाड़ी के बड़े विभाग में सरगर्मी तेज हो चुकी है। कारण बड़े-बड़े अधिकारियों के होने वाले तबादले हैं। जिसके लिए जिम्मेदार अब दिल्ली हेडक्वार्टर तक के चक्कर काटने को मजबूर हो चुके हैं। विभाग के गलियारों में चर्चा है कि हेड क्वार्टर में हाजिरी लगाते रहने पर क्या पता शायद बड़ी गद्दी वाली कुर्सी ही मिल जाए ! बहरहाल तबादलों की घड़ी अब करीब आ चुकी है और किसी भी समय नए-नए चेहरों की घोषणा हो सकती है।

आका ने छोड़ा साथ, नेताजी के फिरे दिन

एक नेताजी और काले कोर्ट वाले के बीच जमीनी जंग आका के दरबार तक पहुंची। सुलह की बातचीत हुई लेकिन नेताजी ने एक न सुनी वे खुद को माननीय समझ बैठे थे फिर क्या था सबक सिखाने आका ने साथ चेले के सिर से अपना हाथ उठा लिया फिर क्या था नेताजी के दिन फिर गए कल तक जो खुलेआम घूमते थे वो अब ईनामी हो गए है। खाकी वाले हाथ धोकर पीछे पड़ गए है और नेताजी की हालात ऐसी हो गई है कि वे भींगी बिल्ली बन गए है और लुकाछिपी कर दिन रात गुजार रहे है अब वे उस दिन को कोस रहे है जिस दिन उन्होंने अपने आका की बात को ठुकराया था।

विवेक दुबे, अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

डीएफओ विपिन कुमार पटैल ने वापस लिया इस्तीफा

विभाग को भेजे गए पत्र में पत्नि ने कहा..मानसिक स्थिति नहीं थी ठीक

4 फरवरी को इस्तीफे के लिए भेजा गया था पत्र

नवभारत,जबलपुर। 2013 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी विपिन कुमार पटैल ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। जानकारी के अनुसार विगत 4 फरवरी को डीएफओ विपिन पटैल ने बिना शर्त अपना इस्तीफा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) और वन बल प्रमुख, मध्य प्रदेश को भेज दिया था। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि शासन स्तर पर ये इस्तीफा मंजूर होता है कि नहीं। इस्तीफे की वजह विपिन पटैल ने व्यक्तिगत बताई थी। खबर ये भी है कि डीएफओ विपिन पटैल कुछ ही महीने पहले जबलपुर तबादला होकर आए थे। लेकिन अब इस्तीफा वापस लेने की खबर के बाद जो बात सामने आई उसमें पता चला कि उनकी पत्नी ने वन विभाग को एक पत्र लिखकर भावुक अपील की। पत्र में कहा गया कि उस समय विपिन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया था। उन्होंने विभाग से आग्रह किया था कि इस्तीफा स्वीकार न किया जाए।

विभाग ने दे दिया था अल्टीमेटम

पत्नी के पत्र को देखते हुए वन विभाग ने कार्रवाई शुरू की थी। पीसीसीएफ कार्यालय ने विपिन पटेल से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा था। विभाग ने साफ तौर पर कहा था कि अगर वे स्थिति स्पष्ट नहीं करते, तो उनका त्यागपत्र एकतरफा मंजूर कर लिया जाएगा। इस दबाव और परिवार के कहने पर डीएफओ विपिन कुमार पटेल ने विभाग को एक पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि जल्दबाजी में इस्तीफा दे दिया था। अब वह इसे वापस लेना चाहते हैं।

कुर्की के नोटिस के बाद करदाता ने जमा कराए 50 हजार

नवभारत,जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर के सभी 16 संभागों में बकाया राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को संभाग क्रमांक 15 सुहागी और 10 रांझी के द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के कारण करदाताओं ने मौके पर ही बकाया राशि का अंशिक रूप से भुगतान किया। वहीं वसूली अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 72 में एक बड़े बकायादार के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए निगम की टीम ने 2 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की का नोटिस जारी किया। प्रशासन की इस सख्ती को देखते हुए बकायादार ने तत्काल सक्रियता दिखाई और मौके पर ही 50 हजार रुपये की राशि निगम कोष में जमा कराई। शेष राशि के भुगतान के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 10 रांझी के अंतर्गत महर्षि सुदर्शन वार्ड के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई के दौरान 32 हजार 61 रूपये का चैक प्राप्त किया गया। वसूली की कार्यवाही के समय राजस्व अधिकारी आनंद मिश्रा, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, नरेश शर्मा, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहा. राजस्व निरीक्षक प्रिया पाठक, राजेश डेनियल आदि उपस्थित रहे।

बघेला कंपनी का गैस गोदाम किया सील

बकाया टैक्स जमा न करने पर ननि की कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम द्वारा बकाया कर वसूली के अभियान को तेज करते हुए कछपुरा संभाग में एक बड़ी कार्रवाई को नगर निगम द्वारा अंजाम दिया गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के पालन में, निगम की टीम ने लंबे समय से टैक्स न भरने वाले करदाताओं के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत मदन महल वार्ड क्रमांक 15 में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहाँ स्थित बघेला कंपनी के गैस गोदाम पर संपत्ति कर की राशि बकाया थी। इस संबंध में संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि संपत्ति पिन नंबर 1000495595 दिलीप बघेल पर कुल 2,59,445 रुपये का टैक्स बकाया था। जिन्हें बार बार सूचना देने के बाद भी वे राशि जमा नहीं कर रहे थे। इसके बाद शनिवार को संभागीय टीम ने मौके पर पहुँचकर गोदाम को सील कर दिया।

राजस्व संग्रहण पर निगम का फोकस

निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि शहर के विकास कार्यों के लिए समय पर टैक्स का भुगतान अनिवार्य है। इसलिए सभी लोग वसूली कार्यों पर विशेष जोर दें। निगमायुक्त ने सभी करदाताओं और व्यवसायियों से अपील की है कि वे किसी भी अप्रिय कारवाई से बचने समस्त बकाया करों की राशि जमा कर निगम प्रशासन को कृपया सहयोग करें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

बायोलॉजी के पेपर में 100 में से 100 ने दी बोर्ड परीक्षा, नहीं मिला नकल प्रकरण

नवभारत, जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में शनिवार को बारहवीं कक्षा में बायोलॉजी विषय का पेपर था, इस पेपर में सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा में बारहवीं का तीसरा पेपर बायोलॉजी विषय का था, यह परीक्षा जिले के सिर्फ 3 केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 100 विद्यार्थी शामिल होने वाले थे। परीक्षा में भी 100 में से 100 ही विद्यार्थी शामिल हुए। इसके अलावा पेपर में कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना है।

उड़न दस्ता की रही पैनी नज़र

जिले में चल रही बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा अनुभाग स्तर, जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया है। अनुभाग स्तर पर गठित फ्लाइंग स्क्वाड की कमान संबंधित अनुभाग के एसडीएम को सौंपी गई है। वहीं, जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया है। परीक्षा वाले दिन टीम ने सभी केंद्रों में पहुंचकर आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया और संदिग्ध पाए जाने वाले लोगों की जांच भी की।

दसवीं में एनएसक्यूएफ विषय का पेपर

शनिवार को बारहवीं के साथ कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का भी एनएसक्यूएफ विषय का पेपर था। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर कुल 55 केंद्रों पर आयोजित की है, जिसमें 2949 विद्यार्थी शामिल होने वाले थे लेकिन 2914 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी, जबकि 34 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे। इस पेपर में भी कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 4 घायल

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत मानेगांव में एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में ई-रिक्शा में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, मदनमहल कृपाल चौक निवासी देव कुशवाहा (24) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त रोहन वर्मा के साथ स्कूटी से जा रहा था। उनके आगे बुक किया हुआ ई-रिक्शा चल रहा था, जिसमें उनके साथी सौरभ साहू, सुशील साहू, जितेंद्र कोष्टा और राधेश्याम विसेन सवार थे। जैसे ही वे मानेगांव शराब दुकान के पास पहुंचे, बरगी की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक एमपी 19 जीए 4504 के चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ई-रिक्शा को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा में बैठे चारों युवक सड़क पर गिर गए और उन्हें हाथ-पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद देव कुशवाहा ने सभी घायलों जितेंद्र कोष्टा, सौरभ साहू, राधेश्याम बिसेन और सुशील साहू को इलाज के लिए गज अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है।

यश रेसीडेंसी में हंगामा, कार चालक ने दिखाई गुंडई

चौकीदार को पीटा, महिला के फ्लैट में तोड़फोड़

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा चौक स्थित यश रेसीडेंसी में बीती कार से पहुंचे युवक ने जमकर उत्पात मचाया और चौकीदार के साथ मारपीट कर दी। साथ ही एक फ्लैट के दरवाजे की जाली भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस के अनुसार शारदा चौक यश रेसीडेंसी में चौकीदारी का काम करने वाले यमुना प्रसाद सेन सुबह 9 से रात 9 बजे की ड्यूटी पर तैनात था। रात करीब 8:30 बजे अक्षत लखोटिया नामक युवक अपनी कार क्रमांक एमपी 20 जेड आर 3798 से सोसाइटी के अंदर घुसा। वह रेसीडेंसी में रहने वाली सपना चड्ढा के घर जाने लगा। चौकीदार के अनुसार, सपना चड्ढा ने पहले ही उक्त युवक को उनके घर न आने के लिए बोला था। जब यमुना प्रसाद ने उसे रोकने की कोशिश की, तो अक्षत लखोटिया भड़क गया और चिल्लाते हुए कहा, तू रोकने वाला कौन होता है, मुझे उधार दिए पैसे वापस लेने हैं। आरोपी जबरन ए-1 ब्लॉक स्थित सपना चड्ढा के घर पहुँचा और दरवाजा खटखटाने लगा। घर पर सपना चड्ढा मौजूद नहीं थीं, उनका बेटा दक्ष घर के अंदर था। जब दक्ष ने दरवाजा नहीं खोला, तो आरोपी ने दरवाजे पर लगी जाली तोड़ दी। बीच-बचाव करने पहुंचे चौकीदार यमुना प्रसाद के गाल पर आरोपी ने मुक्के से वार किया और उसे दीवार की ओर जोर से धक्का दे दिया, जिससे उसे चोटें आईं। हंगामा और शोर सुनकर सोसाइटी के पंकज कुमार सिंह, विशाल श्रीवास्तव और मनीष होंडा सहित अन्य लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ को देख आरोपी अक्षत लखोटिया जान से मारने की धमकी देता हुआ अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केवल दवाइयों द्वारा हार्ट का इलाज
बिना एंजियोग्राफी
बिना एंजियोप्लास्टी
बिना बाईपास सर्जरी
बिना भर्ती किये
Google 4.9 STAR
23 वर्ष के अनुभव के साथ
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. अतुल महेरे
सटीक सलाह से 5 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ
समय 11.00 से 5.00
स्पंदन हार्ट क्लीनिक
पता-भंवरताल पार्क चौराहा, नेपियर टाउन, जबलपुर मो.-7805082378

अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
मुँहासे | झांइयाँ | सफेद दाग | खुजली | दाद | चर्म रोग | हेयरफॉल | रंग गोरा करें
स्किन हेयर एण्ड सौन्दर्य क्लीनिक
तुरन्त हटाये तिल, मस्से, टैटू, सफेद दाग
(सोमवार मंगलवार बुधवार)
डॉ. ए.कुमार
B.Sc., B.H.M.S (Skin & VD) Pune
C.C.C.L.A.M (Cosmetologist) IICSAM,
C.C.M.T (Trichologist) IICSAM
पता- 846, छत्रपति भवन, राईट टाउन, नया महावीर जैन मंदिर, गोल बाजार, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9307854830, 7389098734

Sanjay Agrawal
Babu Bhai Sweets
Babu Bhai SWEETS
Damoh Naka Chowk, Jabalpur - M.P. MO :- 9826522199

QUTONE
SHIVAM CERAMIC JABALPUR
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555